यूटीयू में इस वर्ष भी सिंगल विंडो सिस्टम से ही होंगे प्रवेश

विवि काउंसिलिंग बोर्ड की बैठक में लिया गया निर्णय, प्रथम वर्ष एवं लेटरल एंट्री में आनलाइन आवेदन

जागरण संवाददाता, देहरादून : वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि (यूटीयू) में सत्र 2024-25 में प्रथम वर्ष एवं लेटरल एंट्री (द्वितीय वर्ष) में प्रवेश सिंगल विंडो सिस्टम से आनलाइन होंगे। यानी विवि से संबद्ध सभी राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, सहायता प्राप्त व स्ववित्तपोषित संस्थानों में प्रवेश लेने के इच्छुक छात्र-छात्राओं को विवि के पोर्टल पर आनलाइन आवेदन करना होगा। फिर काउंसिलिंग के माध्यम से छात्र की च्वाइस के अनुरूप विभिन्न संस्थानों में प्रवेश होंगे।

यह निर्णय विवि काउंसिलिंग बोर्ड की सोमवार को हुई बैठक में लिया गया। कुलपति प्रो.ओंकार सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि 10 अप्रैल 2024 से प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।

यूटीयू के कुछ संस्थानों में पहली बार बीबीए और बीसीए पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिए जाएंगे। बोर्ड में विवि से संबद्ध संस्थानों में संचालित बीटेक, बीफार्मा, बीएचएमसीटी, बीबीए, बीसीए, एमटेक, एमफार्मा, एमबीए, एमबीए इंटीग्रेटेड, एमएचएम, फार्मा-डी, पीजी डिप्लोमा इन साइबर सिक्योरिटी, विधि पाठ्यक्रम में बीए-एलएलबी, एलएलबी, एलएलएम आदि पाठ्यक्रमों में प्रवेश पर चर्चा की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि विगत वर्ष की भांति इस समस्त स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से सिंगल विंडो सिस्टम व्यवस्था के तहत होंगे। प्रवेश के लिए प्राप्त होने वाले आवेदन फार्म को विवि की काउंसिलिंग प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। काउंसिलिंग पंक्रिया की सुचारू संचालन की जिम्मेदारी नोडल और डिप्टी नोडल अधिकारी को दी गई है।